नवभारत
enavabharat.com

UP ODOP | सीएम योगी की दूरदर्शिता के मुरीद हुए यूके के ट्रेड कमिश्नर एलन जेमेल

गोरखपुर: गोरखपुर (Gorakhpur) में औद्योगिक विकास, निवेश के माहौल और ओडीओपी (ODOP) में शामिल पारंपरिक टेराकोटा शिल्प को उद्योग के रूप में तब्दील होने की प्रक्रिया देखने आए यूनाइटेड किंगडम (यूके) के ट्रेड कमिश्नर फॉर साउथ एशिया, एलन जेमेल (Alan Gemmell) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता के मुरीद बन बन गए। टेराकोटा गांव औरंगाबाद पहुंचकर एलन ने टेराकोटा उत्पाद बनने की पूरी प्रक्रिया को देखने और खुद चाक पर हाथ आजमाने के बाद कहा कि ओडीओपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (CM Yogi Adityanath) द्वारा शुरू की गई अहम योजना है। उन्होंने उम्मीद जताई जल्द ही यूके के साथ टेराकोटा उत्पादों का कारोबार शुरू किया जाएगा। यूके के इस राजनयिक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से गोरखपुर में अभूतपूर्व इनवेस्टमेंट और डेवलपमेंट हुआ है।

ब्रिटिश काउंसिल इन इंडिया के डायरेक्टर रह चुके एलन जेमेल, वर्तमान में ब्रिटिश शासन की तरफ से साउथ एशिया में ट्रेड कमिश्नर और ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर फ़ॉर वेस्टर्न इंडिया की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम और एशिया के बीच निवेश संबंधों को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने गोरखपुर में औद्योगिक विकास, निवेश का माहौल देखने के साथ एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल टेराकोटा शिल्प का क्लस्टर देखने की इच्छा जताई थी। इसी सिलसिले में सोमवार को वह टेराकोटा गांव के रूप में मशहूर औरंगाबाद पहुंचे।

टेराकोटा के उत्पादों के बनने की पूरी प्रक्रिया समझी

औरंगाबाद में एलन ने तीन टेराकोटा शिल्पकारों पन्नेलाल प्रजापति, राममिलन प्रजापति और अखिलेश चंद प्रजापति के घर जाकर टेराकोटा के उत्पादों के बनने की पूरी प्रक्रिया समझी। पन्नेलाल के यहां चाक चाक पर हाथ आजमाते हुए उन्होंने खुद दीया बनाया। इस दौरान उनके यह कहने पर कि पन्नेलाल आज से मेरे गुरु हो गए, सभी शिल्पकार प्रफुल्लित नजर आए। राममिलन प्रजापति के घर उन्हें और उनके पिता भोला को गणेश जी की प्रतिमा बनाते देख एलन ने कहा कि यूके में उनके यहां भी गणेश जी की प्रतिमा है, लेकिन इतनी खूबसूरत नहीं जितनी ये लोग बना रहे हैं।

सीएम योगी की तारीफ करते नहीं थके एलन

टेराकोटा शिल्प के उत्पादों के बनने की प्रक्रिया देखने और समझने के दौरान एलन के करीब दो घण्टे का वक्त औरंगाबाद में बिताया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से तारीफ की। उन्होंने कहा कि ओडीओपी सीएम योगी की अहम योजना और शिल्पकारों को उद्यमी बनाने के लिए उनकी दूरदर्शिता का परिचायक है। ओडीओपी में शामिल होने से टेराकोटा शिल्पकारों की जिंदगी ही बदल गई है। एलन ने कहा कि उन्हें गोरखपुर में काफी डेवलपमेंट और इनवेस्टमेंट हुआ नजर आया। यह सब सीएम योगी की ही वजह से हुआ है।

यूके संग होगा टेराकोटा कारोबार

शिल्पकारों से बातचीत करते हुए यूके के राजनयिक एलन जेमेल ने कहा कि आप के टेराकोटा प्रोडक्ट इतने नायाब और खूबसूरत हैं कि सबकुछ खरीद लेने का मन करता है। इस खूबसूरत टेराकोटा से यूनाइटेड किंगडम के लोगों को भी रूबरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आज यहां आकर पूरी उम्मीद है कि जल्द ही यूके यहां से टेराकोटा का कारोबार करेगा।

एलन ने हिंदी बोल शिल्पकारों का दिल जीत लिया

पहली बार गोरखपुर आए यूके के ट्रेड कमिश्नर फॉर साउथ एशिया, एलन जेमेल ने औरंगाबाद में टेराकोटा शिल्पकारों से हिंदी में बातचीत कर उनका दिल जीत लिया। वह शिल्पकारों के घर उनसे इत्मीनान से हिंदी में बात कर टेराकोटा की खूबियां समझते रहे। इस दौरान तीनों शिल्पकारों ने उन्हें टेराकोटा उत्पाद उपहार स्वरूप दिए। यहां पहुंचने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीणा और उद्योग उपायुक्त रवि कुमार शर्मा ने उनकी अगवानी की।